सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन नैनीताल दिनांक 30 मई, 2023

मंगलवार को राजभवन, नैनीताल में गोवा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तराखण्ड में रह रहे गोवा प्रदेश के निवासियों ने प्रतिभाग किया। राजभवन देहरादून से भी गोवा प्रदेश के निवासियों ने इस कार्यक्रम में वर्चुअली प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रतिभाग करते हुए उपस्थित गोवा के निवासियों सहित पूरे प्रदेश को स्थापना दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गोवा अपने अद्वितीय समुद्र तटों, प्राकृतिक दृश्यों और सांस्कृतिक विविधता को संजोए हुए है। क्षेत्रफल में भारत का सबसे छोटा राज्य होने के बावजूद यह राज्य पर्यटकों के लिए बेहद आकर्षण का केंद्र है। गोवा साहसिक जल खेलों और अपने जीवन्त त्यौहारों के लिए भी प्रसिद्ध है। यह राज्य बहु धार्मिक संस्कृति को भी दर्शाता है। यहां का पारंपरिक संगीत, नृत्य और त्यौहार, संस्कृति के बेहद महत्वपूर्ण पहलू हैं।

राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन के विभिन्न आयामों में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखण्ड और गोवा राज्य के बीच एमओयू हुआ है। यह पर्यटन के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा की केंद्र द्वारा सभी राज्यों के स्थापना दिवस को, प्रत्येक राज्य में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है जो कि बहुत सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भारत की विविधता को एकता के रूप में दर्शाते हैं साथ में हम सब को एक परिवार के रूप में जोड़ने का कार्य करते है।

इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन ने राजभवन, देहरादून से वर्चुअली प्रतिभाग करते हुए उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती गुरमीत कौर सहित गोवा प्रदेश के निवासी और राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

..........0..........